राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर सेड़वा जिला बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी श्री बद्रीनारायण विश्नोई आर.ए.एस)

(कोर्ट कैम्प का स्थान ग्राम पंचायत पनोरिया)

राजस्व आवेदन सं. 323 / 2025

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू राजस्व अधिनियम 1956 प्रार्थी खानु पुत्र श्री वरजांगा बनाम तहसीलदार सेड़वा

आदेश

प्रार्थी खानु पुत्र श्री वरजांगा निवासी पनोरिया द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू. राजस्व अधिनियम 1956 प्रस्तुत मय दस्तावेज कर निवेदन किया है कि पटवार हल्का पनोरिया, राजस्व गांव खवाला के खाता संख्या 27 के खसरा संख्या 831/260 रकबा 16.5760 हैक्टेयर किस्म बारानी सोयम जमाबन्दी सवत् 2074–77, में उनका नाम खाना पुत्र वरजांगा राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है जबकि उनका शुद्व नाम खाना पुत्र वरजांगा के स्थान पर खानु पुत्र वरजांगा है एवं पटवार हल्का फागलिया राजस्व गांव हेमावास के खाता संख्या 33 के खसरा संख्या 106, 118, 61 रकबा कमशः 13.4274 हैक्टैयर किस्म बा.दो, रकबा 10.7646 हैक्टैयर, किस्म बा.सो. रकबा 0.3318 हैक्टेयर, किस्म बा.सोयम जमाबन्दी सवत् 2074–77, में उनका नाम खाना पुत्र श्री वरजांग राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है, जबकि उनका शुद्व नाम खाना पुत्र श्री वरजांग के स्थान पर खानु पुत्र श्री वरजांगा है। इस तरह उनका नाम खाना पुत्र श्री वरजांग के स्थान पर खानु पुत्र श्री वरजांगा दुरूस्त किया जावे।

अतः तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक प्रतिवेदन दिनांक 02.10.2025 की अनुशंसा के आधार पर प्रार्थी खानु पुत्र श्री वरजांगा का पटवार हल्का पनोरिया, राजस्व गांव खवाला के खाता संख्या 27 के खसरा संख्या 831/260 रकबा 16.5760 हैक्टेयर क़िस्म बारानी सोयम जमाबन्दी सवत् 2074–77, में उनका नाम खाना पुत्र वरजांगा है, एवं पटवार हल्का फागलिया राजस्व गांव हेमावास के खाता संख्या 33 के खसरा संख्या 106, 118, 61 रकबा कमशः 13.4274 हैक्टैयर किस्म बा.दो, रकबा 10.7646 हैक्टैयर, किस्म बा.सो. रकबा 0.3318 हैक्टेयर किस्म बा.सोयम में प्रार्थी का नाम खाना पुत्र श्री वरजांग के स्थान पर खानु पुत्र श्री वरजांगा है तथा इस तरह उनका नाम खाना पुत्र श्री वरजांगा के स्थान पर खानु पुत्र श्री वरजांगा शुद्व करने के आदेश दिए जाते हैं। तहसीलदार सेड़वा तद्नुसार राजस्व अभिलेख में अमलदरामद कर आगामी 15 दिनों में पालना रिपोर्ट कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे।

(बद्रीनारायण विश्नोई, आर.ए.एस)
पीठासीन अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन
सहायक कलक्टर सेड़वा

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

क्रमांकः– 1388-90 दिनांक: 28/10/2025

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. तहसीलदार सेड़वा को भेजकर लेख है कि उक्त आदेश की राजस्व रिकोर्ड में अमलदरामद की पालना रिपोर्ट भिजवायें।
2. प्रार्थी खानु पुत्र श्री वरजांगा, निवासी पनोरिया, तहसील सेड़वा, जिला बाड़मेर।
3. रक्षित पत्रावली।

उपखण्ड अधिकारी सेड़वा

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.01.27 12:27:38 IST
Reason: SelfAttested